भारत सरकार
परमाणु उर्जा विभाग
राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र

डाकघर– केट
इन्दौर – 452013

विज्ञापन संख्या. आरआरकेट–1/2012

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि : **18.05.2012**

## निम्नलिखित पदों की भर्ती हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं

| पद कोड | पद | योग्यता | वांछित अनुभव | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| I | तकनीकी अधिकारी/डी (यांत्रिकी/इलेक्ट्रिकल) | यांत्रिकी/इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समतुल्य सीजीपीए | **अनुभवः** इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग मशीन के प्रचालन एवं अनुरक्षण का न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव तथा मशीन प्रचालन के सीएनसी कार्यक्रम की जानकारी | 01 (अनारक्षित) |
| II | वैज्ञानिक सहायक/सी (यांत्रिकी) | यांत्रिकी इंजीनियरिंग में डिप्लोमा (3 वर्ष एस.एस.सी. के बाद) में न्यूतम 60 प्रतिशत अंक | अनुभवः इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग मशीन के प्रचालन एवं अनुरक्षण का न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव तथा मशीन प्रचालन के सीएनसी कार्यक्रम की जानकारी/ विशेष पाठ्यक्रम | 01 (अनारक्षित) |

## वेतनमान तथा कुल परिलब्धियां (वर्तमान दरों के अनुसार)

| पद कोड | पद का नाम तथा वेतनमान | प्रारंभिक वेतनमान | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वेतन बैंड में वेतन | ग्रेड वेतन | समस्त भत्तों को मिलाकर कुल परिलब्धियां (लगभग) |
| I | तकनीकी अधिकारी /डी पीबी–3, ₹ 15600 –39100 तथा ग्रेड वेतन ₹ 6600 | ₹ 18,750 | ₹ 6,600 | ₹ 47,000/– |
| II | वैज्ञानिक सहायक/सी पीबी–2, ₹ 9300–34800 तथा ग्रेड वेतन ₹ 4600 | ₹ 12,540/– | ₹ 4,600/– | ₹ 30,000/– |

## अतिरक्त वित्तीय लाभ

नियमों के अंतर्गत यथा देय सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त अर्थात् मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता आदि के साथ–साथ परमाणु उर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आकर्षक वित्तीय लाभ पाने के हकदार हैं । ये लाभ विभाग की विशेष स्थिति को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं और सरकार द्वारा इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाती है ।

## आवेदन कैसे करें

1. आवेदन–पत्र की एक प्रति विज्ञापन में दिये गये प्रपत्र के अनुसार ए 4 आकार के पेपर में प्रस्तुत करना चाहिए । आवेदन–पत्र टंकित हो तो अच्छा रहेगा ।

   जो उम्मीद्वार ऑन–लाइन आवेदन करना चाहते हैं, वे कृपया वेबसाइट http://www.rrcat.gov.in देखें तथा नीचे लिखा अनुदेश नं 11 सावधानीपूर्वक पढें । ऑन –लाइन आवेदन, आवेदन प्राप्ति की तिथि से एक सप्ताह पूर्व बंद हो जाएगा ।

2. आवेदन–पत्र और लिफाफे पर नीचे दिये गये अनुसार लिखा होना चाहिए ।

| पद के लिए आवेदन–पत्र | पद कोड | पद |
|---|---|---|
| | | |

3. **फोटोग्राफः** मूल आवेदन–पत्र के दाहिने हाथ के ऊपरी कोने पर पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित नवीनतम फोटो चिपकाना चाहिए।

4. **प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपियाँ :** उम्मीदवारों को अपने आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अंकतालिकाओं/प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी चाहिए :
   क) शैक्षिक योग्यताएँ एवं तकनीकी योग्यताएँ।
   ख) जन्म–तिथि
   ग) उनका दावा कि वे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/अन्य पिछड़ा वर्ग के/खिलाड़ी है ।
   घ) अनुभव, विशेषरूप से किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए ।

5. **नोट :** (क) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन–पत्र उचित माध्यम से भेजना चाहिए । तथापि वे अपने आवेदन–पत्र की एक अग्रिम प्रति ऊपर लिखे संलग्नकों के साथ नीचे दिये गये पते पर भेज सकते हैं । **अभ्यर्थियों को परीक्षा/साक्षात्कार के समय नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।**
   (ख) पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन–पत्र निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए :–

   **प्रशासनिक अधिकारी –।।।**
   **राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र,**
   **परमाणु ऊर्जा विभाग,**
   **डाक घर : केट, इन्दौर–452 013.**

6. **चेतावनी** : ऐसे आवेदन–पत्र, जो विज्ञापन में उल्लेखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं – **अर्थात्** आवेदन-पत्र, जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण–पत्रों की सत्यापित जेराक्स/फोटो प्रतियाँ संलग्न नहीं है, अ**स्वीकार किये जाने की संभावना है ।**
7. विज्ञापन में दर्शाई गई जरूरतों को सिर्फ पूर्ण करने से ही प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं हैं । जहां इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या अधिक है तथा इस केन्द्र के लिए सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार करना व्यवहार्य नहीं है, तो यह केन्द्र, प्राप्त अंकों के प्रतिशत और दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सकता है ।

8. आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवार, जो उच्च पदक्रम में नियुक्ति के पात्र बन जाते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के आवेदनों पर, अधिक योग्यता के कारण विचार नहीं किया जाएगा ।

9. साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से किसी भी तरह का पत्र–व्यवहार नहीं किया जाएगा।

10. **किसी भी प्रकार के प्रभाव/सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।**

11. **ऑन –लाइन आवेदन करने वाले उम्मीद्वार आवेदन की हस्ताक्षरित प्रति ( ऑन लाइन सॉक्टवेयर का उपयोग कर तैयार की गई ) उपर्युक्त अनुदेश नं. 5 ख में लिखित पते संबंधित प्रमाण–पत्रों की प्रतियों के साथ अवश्य भेजें । इस आवेदन की हार्ड प्रति आवेदन प्राप्ति की तिथि को या इससे पूर्व अवश्य पहुच जानी चाहिए ।**
12. **" सरकार एक ऐसे कार्यदल बनाने का प्रयास कर रही है जो लिंग समानता को प्रतिबिंबित करे तथा महिलाओं को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करे ।"**

<u>आवेदकों की जानकारी के लिए सामान्य शर्तें</u>

1. दिनांक 18.05.2012 को आयु सीमा :

पद कोड । के पद हेतु : 18 वर्ष से 30 वर्ष के बीच

पद कोड ।। के पद हेतु : 18 वर्ष से 28 वर्ष के बीच

क) 1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार के सदस्यों को उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट स्वीकार्य है । इस आशय का सबुत प्रस्तुत करना होगा कि 1984 के दंगों में वे प्रभावित हुए थे ।

ख) भूतपूर्व सैनिक : उम्मीदवार की वास्तविक आयु से सशस्त्र सेना सेवा की सेवा–अवधि घटाने के बाद परिणामिक उम्र, संबंधित सेवा पद के लिए निर्धारित अधिकतम ऊपरी आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

ग) सरकारी कर्मचारी : केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार ।

3. उन सभी व्यक्तियों को उपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी जो जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर 1989 तक की अवधि के दौरान अधिवासी रहें हैं, परन्तु किसी भी परीक्षा में भाग लेने हेतु उपरी आयु सीमा में छूट संबंधित नियमों के अंतर्गत अनुमेय अवसरों की अधिकतम संख्या के अनुसार दी जाएगी ।

<u>निवास सबूत के संबंध में प्रमाणपत्र</u>– जो व्यक्ति नियम 3 के अंतर्गत अनुमेय आयु सीमा की छूट का लाभ उठाना चाहते हैं उन्हें एक प्रमाणपत्र देना होगा :–

(क) जम्मू कश्मीर संभाग के जिला मजिस्टेट से जिसके क्षेत्राधिकार में वे मूलरूप से या सामान्यतः रहते थे

अथवा

(ख) कोई अन्य प्राधिकारी जो जम्मू–कश्मीर सरकार की ओर से पदनामित किया गया हो उससे इस आशय का प्रमाण–पत्र देना होगा कि वे जम्मू–कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान मूलरूप से अधिवासी थे ।

4. साक्षात्कार आरआरकेट इन्दौर में आयोजित किया जाएगा । पद कोड । के पद के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए उम्मीदवारों को रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी । पद कोड ।। के पदों के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए केवल अजा/अजजा के उम्मीदवार रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र हैं । बशर्ते वे केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों/स्थानीय शासन/पंचायत आदि में कार्यरत नहीं हैं ।

5. इस विज्ञापन के तहत चयनित किये गये उम्मीदवारों को इंदौर में तैनात किये जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत में परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के उत्तरदायी होंगे ।

**************